No.

# GLPC – 16/19-Paper-I

## विधि (प्रश्न–पत्र – I)

## LAW (Paper – I)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं, जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(ii) **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुये, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित हैं ।

(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं ।

**Specific Instructions :**

(i) There are total **eight** questions in **two** Sections printed in both **Hindi** and **English**.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** questions from **each** Section.

(iii) Marks are given against **each** of the question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ/SECTION – A

### सांविधानिक विधि/Constitutional Law

1. (a) एक संघात्मक संविधान के विशिष्ट लक्षण क्या हैं ? क्या आप इस मत से सहमत हैं कि भारतीय संविधान की प्रकृति संघात्मक है ? विवेचना कीजिये । **15**

What are the distinguishing features of a Federal Constitution ? Do you agree with the view that the Indian Constitution is federal in character ? Discuss.

(b) न्यायिक निर्णयों के आलोक में राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों एवं मूल अधिकारों के बीच संबंध की व्याख्या कीजिये । 15

In the light of judicial decisions, explain the relationship between Directive Principle of State Policy and Fundamental Rights.

(c) 'सार एवं तत्त्व के सिद्धांत' को स्पष्ट कीजिये । 10

Explain the 'Doctrine of pith and substance.'

2. (a) भारत के संविधान में धार्मिक स्वतन्त्रता के क्षेत्र एवं विस्तार की विवेचना कीजिये । क्या पंथ निरपेक्षता भारत के संविधान का 'आधारभूत ढाँचा' है ? निर्णीत वादों का सन्दर्भ दीजिये । 15

Discuss the scope and extent of the freedom of religion in the Constitution of India. Is secularism of 'Basic Structure' of the Constitution of India ? Refer to decided cases.

(b) निर्णयज विधि का उल्लेख करते हुये, प्रत्यायोजित विधान की सांविधानिकता पर प्रकाश डालिये । प्रत्यायोजित विधान की सीमायें क्या हैं ? 15

Referring to case law, discuss the constitutionality of delegated legislation. What are the limits of delegated legislation ?

(c) भारतीय संविधान के अन्तर्गत 'प्रेस की स्वतन्त्रता' की विवेचना कीजिये । 10

Discuss the 'Freedom of press' under the Constitution of India.

3. (a) भारत के संविधान के अन्तर्गत अनेक ऐसे प्रावधान हैं जो न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को सुनिश्चित करते हैं, उन प्रावधानों की विवेचना कीजिये । क्या भारत में न्यायपालिका वास्तव में स्वतन्त्र है ? 15

There are many provisions in the Constitution of India, which ensure the independence of the judiciary, discuss these provisions. Is the judiciary in India really independent ?

(b) संविधान के संशोधन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये । क्या संसद की संशोधन शक्ति पर कोई परिसीमा है ? विवेचना कीजिये तथा निर्णीत वादों का सन्दर्भ दीजिये । 15

Describe the procedure for the amendment of the Constitution. Is there any limitation on the amending power of the Parliament ? Discuss and refer to decided cases.

(c) 'किसी व्यक्ति को बिना सुनवाई का मौका दिये दंडित नहीं किया जाना चाहिये' इस नियम की व्याख्या कीजिए। **10**

'No person should be punished without providing an opportunity of hearing'. Explain this rule.

4. (a) आपात की उद्घोषणा का संविधान के भाग तीन द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों के प्रवर्तन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? व्याख्या कीजिये और उच्चतम न्यायालय के सुसंगत निर्णयों का उल्लेख कीजिये। **15**

What is the impact of proclamation of emergency on the enforcement of Fundamental Rights conferred by Part III of the Constitution ? Explain and refer to relevant cases of the Supreme Court.

(b) संसद तथा उसके सदस्यों की शक्तियों, विशेषाधिकारों एवं उन्मुक्तियों की सुसंगत सांविधानिक प्रावधानों एवं निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिये। **15**

With the help of relevant constitutional provisions and decided cases, discuss the powers, privileges and immunities of parliament and its members.

(c) भारत के राष्ट्रपति की संवैधानिक स्थिति की विवेचना कीजिये। **10**

Discuss the constitutional position of the President of India.

## खण्ड – ब/SECTION – B

## अन्तर्राष्ट्रीय विधि/International Law

5. (a) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि ''अन्तर्राष्ट्रीय विधि विधिशास्त्र का लुप्तप्राय बिन्दु है।'' कारण सहित उत्तर दीजिये। **15**

Do you agree with the view that "International law is the vanishing point of jurisprudence." Give answer with reasons.

(b) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोत के रूप में 'प्रथा' के महत्त्व की विवेचना कीजिये। **15**

Discuss the importance of 'Custom' as a source of International law.

(c) अन्तर्राष्ट्रीय सन्धियों की बाध्यकारी शक्ति का आधार क्या है ? विवेचना कीजिये। **10**

What is the basis of binding force of International Treaties ? Discuss.

6. (a) राजनयिक दूतों की विभिन्न श्रेणियाँ क्या हैं ? उनके विशेषाधिकारों तथा उन्मुक्तियों का संक्षेप में वर्णन कीजिये । **15**

What are the different classes of diplomatic agents ? Describe briefly their privileges and immunities.

(b) तथ्यत: मान्यता एवं विधित: मान्यता में अन्तर बताइये । मान्यता के विधिक परिणामों का वर्णन कीजिये । **15**

Distinguish between de facto recognition and dejure recognition. Discuss the legal effects of recognition.

(c) 'राज्य उत्तराधिकार' को समझाइये । **10**

Explain 'State Succession'.

7. (a) 'शरण' एवं 'प्रत्यर्पण' में अन्तर कीजिये । प्रत्यर्पण की आवश्यक शर्तें क्या हैं ? **15**

Distinguish between 'Asylum' and 'Extradition'. What are the essential conditions of extradition ?

(b) आधुनिक अन्तर्राष्ट्रीय विधि में 'खुला समुद्र' पद का अर्थ स्पष्ट कीजिये । खुले समुद्र की स्वतन्त्रता की संकल्पना के क्षेत्र की व्याख्या कीजिये । खुले समुद्र के क्षेत्र में परमाणविक परीक्षणों की वैधता की भी विवेचना कीजिये । **15**

Explain the meaning of the term "Open seas" in modern international law. Explain the scope of the concept of freedom of the open seas. Discuss also the legality of nuclear tests in the areas of open sea.

(c) 'अनन्य आर्थिक परिक्षेत्र' से आप क्या समझते हैं ? **10**

What do you mean by 'Exclusive Economic Zone' ?

8. (a) सुरक्षा परिषद के गठन, कार्य तथा शक्तियों की विवेचना कीजिये । **15**

Discuss the composition, function and powers of the security council.

(b) संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं की दशा सुधारने के लिये किये गये विभिन्न प्रयासों का उल्लेख कीजिये । **15**

Discuss various efforts made by the United Nations Organisation for ameliorating the condition of woman.

(c) ''मानवाधिकारों की घोषणा'' के महत्त्व को समझाइये । क्या यह राज्यों पर बाध्यकारी है ? **10**

Explain the importance of "Declaration of Human Rights". Is it binding upon the States ?

---



SEAL